हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

11 भारत-अमेरिका कृषि डील के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार...,



12 टोहाना मेन मार्केट में 'नो पार्किंग' नियम लागू, दी चेतावनी



## खबर संक्षेप

### एनडीपीएस एक्ट मामले में आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**फतेहाबाद।** अफीम तस्करी के एक मामले में सुनवाई करते हुए अदालत हेमंत यादव, स्पेशल जज, फास्ट ट्रैक कोर्ट, एनडीपीएस फतेहाबाद द्वारा एक युवक को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 1 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास काटना होगा।

### किन्नू चोरी मामले में तीसरे आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** गांव किरढान के एक बाग से भारी मात्रा में किन्नू चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने नवनीत गोदारा निवासी किरढान की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में नवनीत ने बताया था कि उनका किरढान-सिरढान रोड पर किन्नू का बाग है। 11-12 दिसंबर 2025 की रात को जब वे बाग की रखवाली कर रहे थे, तो उन्होंने चोरों को रंगे हाथ किन्नू तोड़ते हुए पकड़ा।

### सड़क हादसे का आरोपी गाड़ी चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सडक़ दुर्घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि बिजेन्द्र पुत्र शेर सिंह निवासी पुलिस लाइन फतेहाबाद ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि 6 फरवरी को वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर हिजरांवा खुर्द से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ।

### मौसम के बिगड़े मिजाज से किसान चिंतित

**सिरसा।** जिला में मंगलवार को मौसम ने एकाएक करवट ली और शाम को कई हिस्सों हलकी बूंदाबादी हुई। मौसम के बिगड़े मिजाज ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है। सरसों की फसल पकाव की ओर है। किसानों का मानना है कि यदि तेज हवा के साथ बरसात हुई तो पकी-पकाई सरसों की फसल को काफी नुकसान होगा।

### बाल विवाह के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बाल विवाह के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान बलविन्द्र सिंह पुत्र श्रृंगारा सिंह निवासी गांव लाम्बा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि महिला पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद की संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी से प्राप्त शिकायत पर मामला दर्ज किया।

## 14 केन्द्रों पर विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

# सीबीएसई की परीक्षाएं शुरू, पहले दिन लेकर उत्साहित नजर आए विद्यार्थी, गणित पेपर को बताया 'टफ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं और 12वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई है। आज बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह नजर आया। आज पहला पेपर गणित विषय का रहा। परीक्षा के बाद बाहर निकले विद्यार्थियों ने गणित के पेपर को काफी टफ बताया, जिस कारण कई विद्यार्थी अपना पेपर भी पूरा नहीं कर पाए। बता दें कि सीबीएसई की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 11 अप्रैल तक आयोजित की जा रही हैं। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के लिए जिले में बनाए गए 14 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कक्षा दसवीं के 4269 विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और व्यापक सुरक्षा प्रबंध लागू किए गए हैं।

### पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर, व्यापक सुरक्षा प्रबंध लागू किए गए

#### रतिया एसडीएम ने स्कूलों व परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल रहित संपन्न करवाने के उद्देश्य से एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने रतिया में विभिन्न निजी स्कूलों व परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मदर इंडिया स्कूल, अकाल अकेडमी स्कूल व डीएवी स्कूल का दौरा किया और सभी स्कूल संचालकों को स्कूलों की साफ-सफाई, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था और नकल रोकने के इंतजामों, सीसीटीवी कैमरों सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि 17 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। सभी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल रहित माहौल में संपन्न करवाने के लिए पूरी सतर्कता बरतें।



रतिया। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

### एसपी ने नकल रहित परीक्षा करवाने के दिए निर्देश

- बोले, परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन का पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा

**सिरसा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल रहित संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला सिरसा पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी दे रहे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा है कि परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल करवाने की कोशिश या उपद्रव करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान यदि कोई व्यक्ति परीक्षा प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करता है तो उसे तुरंत हिरासत में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के प्रवेश के समय गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बिना उचित जांच के किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश न दिया जाए। विशेष रूप से मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि परीक्षा के दौरान किसी पर्यवेक्षक या स्टाफ सदस्य के पास मोबाइल फोन पाया जाता है तो संबंधित केंद्र अधीक्षक एवं ऑब्जर्वर को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

## 3 कनाल 5 मरले पर नगर पालिका का हक साबित

# करोड़ों की जमीन पर चला प्रशासन का डंडा, डिजिटल निशानदेही से खुला सच

### चेतावनी बोर्ड लगाए नोटिस किए चस्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ /भूना

हिसार रोड स्थित करोड़ों रुपए मूल्य की नगर पालिका की विवादित जमीन पर मंगलवार को प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खसरा नंबर 847 की तीन कनाल 5 मरले भूमि की डिजिटल निशानदेही करवाई गई। राजस्व विभाग के कानूनगो के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में संबंधित भूमि नगर पालिका की मलकीयत पाई गई। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र सिंह पंवार के आदेश पर नगर पालिका सचिव दीपक कुमार की देखरेख में जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए और नोटिस चस्पा किए गए।

**शहर में 55 एकड़ जोहड़ भूमि पर भी कब्जे:** दूसरे पक्ष के लोगों ने मांग उठाई कि यदि प्रशासन कार्रवाई कर रहा है तो पूरे शहर में अवैध कब्जों को हटाया जाए। शहर के तीन तालाबों की लगभग 55 एकड़ जमीन पर भी लोगों के कब्जे बताए जा रहे हैं। हर साल बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या का एक बड़ा कारण इन जोहड़ों पर अतिक्रमण को माना जा रहा है। बावजूद इसके, अब तक बड़े स्तर पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने शुरुआत में दुकान का सामान हटाने के निर्देश दिए, लेकिन दुकानदार पक्ष ने पहले जमीन की निशानदेही करवाने की मांग रखी। विरोध के बाद राजस्व विभाग के कानूनगो और पटवारी को बुलाकर सीमांकन प्रक्रिया पूरी करवाई गई।







भूना। हिसार रोड पर करोड़ों की पालिका जमीन की डिजिटल निशानदेही के बाद नगर पालिका द्वारा लगाया गया चेतावनी बोर्ड और विराध में उतरे लोग।

#### रिकॉर्ड में 161 मरले जमीन पालिका के नाम दर्ज

निशानदेही के बाद जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 847 की कुल 161 मरले जमीन नगर पालिका के रिकॉर्ड में दर्ज है। भूमि के एक हिस्से में एक समुदाय के नाम से धर्मशाला बनी हुई है। वहीं, एक युवा मंच संस्था द्वारा तीन कनाल 5 मरले जमीन पर अपना मालिकाना हक पंचायत प्रस्ताव के आधार पर जताया जा रहा था, जो रिकॉर्ड जांच में सही नहीं पाया गया। प्रशासन ने संबंधित दुकानों और धर्मशाला के गेट पर चेतावनी बोर्ड व नोटिस चस्पा कर दिए। युवा मंच के प्रधान गर्व सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत में उपरोक्त जमीन दी थी। जिसका प्रस्ताव भी पास किया गया था। लेकिन अब टायर पंचर की दुकान चलने वाला व्यक्ति उपरोक्त संस्था की जमीन पर कब्जा करना चाहता था।

#### ड्यूटी मजिस्ट्रेट बोले-पालिका की संपत्ति पर किसी का अधिकार नहीं

पालिका अभियंता एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि माननीय एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद निशानदेही करवाई गई है। खसरा नंबर 847 की तीन कनाल 5 मरले भूमि नगर पालिका भूना की संपत्ति है। इस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का कोई अधिकार नहीं है। प्रशासन आगे भी नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

#### दुकान हटाने को लेकर हुआ विरोध

कार्रवाई के दौरान दुकानदार पक्ष के समर्थन में कंबोज समाज के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। उनका कहना था कि रवि कंबोज के पिता कश्मीर सिंह कंबोज पिछले करीब 30 वर्षों से यहां टायर पंचर की दुकान चला रहे थे। कुछ वर्ष पहले उनके निधन के बाद बेटे रवि कंबोज को अकेला पाकर कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन से दुकान तोड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान दुकान में रखा सामान भी मलबे में दब गया, जिस पर विवाद खड़ा हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से लेकर उपायुक्त तक की गई थी।

#### नाथूसरी चोपटा पंचायत समिति कार्यालय





#### नाथूसरी चोपटा पंचायत समिति में फिर सियासी घमासान

# चेयरमैन के खिलाफ डीसी को दोबारा सौंपा अविश्वास प्रस्ताव

- 2022 में सर्वसम्मति से बने थे चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नाथूसरी चोपटा पंचायत समिति के सदस्यों ने पंचायत समिति चेयरमैन के सूरजभान बुमरा के खिलाफ उपायुक्त को दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि चेयरमैन सूरजभान ने इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा छोड़ कर इनेलो ज्वाइन की थी, उसके बाद भाजपा नेता मीनू बैनीवाल व उनके समर्थक सूरजभान को कुर्सी से हटाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को 21 सदस्यों ने हस्ताक्षरयुक्त अविश्वास प्रस्ताव डीसी को सौंपा। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव में सूरजभान के खिलाफ सदस्यों ने जिला उपायुक्त को सौंपे प्रस्ताव में लिखा है कि सूरजभान चैयरमैन ब्लाक समिति, नाथूसरी चोपटा की कार्यशेली से संतुष्ट नहीं है इस कारण हम उसके खिलाफ अविश्वाश प्रस्ताव पारित करना चाहते है।

#### पहले भी गिरा चुका है अविश्वास प्रस्ताव

इससे पहले नाथूसरी चोपटा पंचायत समिति के अध्यक्ष के खिलाफ 11 नवंबर 2024 को भी पंचायत समिति सदस्यों ने जिला उपायुक्त को अविश्वास प्रस्ताव का पत्र सौंपा था लेकिन 20 नवंबर 2024 नाथूसरी चोपटा पंचायत समिति के चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। ओर चैयरमेन सूरजभान की कुर्सी बच गई थी। नाथूसरी चौपटा पंचायत समिति के चेयरमैन का चुनाव 23 दिसंबर 2022 को सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बीडीपीओ कार्यालय नाथूसरी चौपटा में नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सूरजभान बूमरा चाहरवाला को चेयरमैन सर्वसम्मति से चुना गया और वाइस चेयरमैन पद के लिए मांगेराम पूनिया खेड़ी को सर्वसम्मति से चुना गया। चेयरमैन तथा वाइस चेयरमैन पद के लिए सर्वसम्मति से चयन के लिए भाजपा नेता एवं हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मीनू बैनीवाल की अहम भूमिका रही।

# सीएम आज फतेहाबाद में करेंगे शिरकत

- कांग्रेस विधायक के भतीजे की शादी में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 18 फरवरी को फतेहाबाद दौरे पर रहेंगे। सीएम फतेहाबाद से कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के भतीजे अभिमन्यु के शादी समारोह में शामिल होंगे। भूना रोड स्थित फाइव एकड़ पैलेस में होने वाले प्रीतिभोज समारोह सीएम के अलावा पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा और सांसद कुमारी सैलजा के अतिरिक्त प्रदेश सरकार के कई मंत्री-विधायकों के भी पहुंचने की संभावना है। ऐसे में जिला प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुटा है।

#### सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

सीएम के दौरे को उपायुक्त विवेक भारती और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने 5 एकड़ रिसोर्ट का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जिला फतेहाबाद में 18 फरवरी को स्थानीय फाइव एकड़ मैरिज पैलेस में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल, हैलीपेड स्थल पुलिस लाइन व वीवीआईपी मार्ग के पांच किलोमीटर के क्षेत्र में ड्रोन नियम 2023 के तहत रेड जोन घोषित करते हुए ड्रोन, पैरा ग्लाइडर उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

# कालांवाली नपा उपचुनाव में कांग्रेस ने मारी बाजी

- भाजपा उम्मीदवार की मिली हार, चार वोट ही मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

नगर पालिका कालांवाली के मंगलवार को उप प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के पार्षद सिकंदर सिंह बाहिया ने भाजपा के हरविंदर सिंह को हराया। यह चुनाव कालांवाली एसडीएम मोहित कुमार की देखरेख में हुआ। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला भी मौजूद थे। चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सिकंदर सिंह बाहिया को 13 वोट मिले जबकि भाजपा उम्मीदवार हरविंदर सिंह को सिर्फ चार वोट मिले।



सिरसा। नगर पालिका कालांवाली नवनिर्वाचित उपप्रधान समर्थकों के साथ।

#### तीन ने भरा था नामांकन पत्र, एक ने लिया वापस

चुनाव प्रक्रिया के दौरान वार्ड नंबर 9 से दिनेश सिंगला, वार्ड नंबर 10 से सिकंदर बाहिया और वार्ड नंबर 15 से हरविंदर सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। लेकिन बाद में सिकंदर बाहिया के पक्ष में आपसी सहमति होने के चलते दिनेश सिंगला ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया था। उप-प्रधान चुने जाने के बाद सिकंदर बाहिया ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह शहर के समग्र विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे।

# तेल डलवाकर बिना पैसे दिए भागे युवक, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**गांव मानावाली स्थित एक पेट्रोल पंप का मामला**

गांव मानावाली स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल डलवाकर बिना रूपये दिए भागने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजकुमार उर्फ कालू पुत्र महेंद्र, निवासी मताना जिला फतेहाबाद, रविंद्र उर्फ खेमा पुत्र धर्मचंद्र व देवीलाल उर्फ घोलू पुत्र धर्मचंद्र निवासी बीरण, जिला भिवानी के रूप में हुई है। आरोपियों ने बिना नंबर प्लेट की गाड़ी का प्रयोग कर वारदात को अंजाम दिया था। थाना भट्टू कलां प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने गांव मानावाली स्थित दौलतपुरिया फिलिंग स्टेशन के सेल्समैन करण सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 29 जनवरी की शाम को एक सफेद रंग की ग्लैंजा गाड़ी, जिस पर नंबर प्लेट नहीं थी, पंप पर आई। गाड़ी में सवार युवकों ने 3,692 का 38.29 लीटर तेल डलवाया और बिना पैसे दिए वहा से भाग गए।



फतेहाबाद। बिना पैसे दिए तेल डलवाकर भागने के मामले में गिरफ्तार तीनों युवक। फोटो: हरिभूमि

## भक्तों ने गुरु ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की

### अमावस्या के अवसर पर जिलेभर के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना हुई

# फाल्गुन अमावस पर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा झाड़ साहिब के पवित्र सरोवर में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फाल्गुन माह की अमावस्या पर मंगलवार को रतिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री झाड़ साहिब में मेले का आयोजन किया गया। इस दिन गुरूद्वारा साहिब में अखण्ड पाठ का भोग डाला गया। गुरूद्वारे के पवित्र सरोवर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाई और गुरू ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया। गुरूद्वारे में पूरा दिन श्रद्धालुओं के लिए लंगर चलता रहा। कार्यक्रम को लेकर गुरूद्वारे के बाहर सामान की भी काफी स्टालें लगी हुई थी, जहां लोगों ने जमकर खरीददारी भी की।




फतेहाबाद। गुरूद्वारा झाड़ साहिब में पवित्र सरोवर पर पहुंचे श्रद्धालु।

हर साल फाल्गुन अमावस्या को गुरूद्वारा झाड़ साहिब में धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अलावा मंदिरों में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मंगलवार अलसुबह ही जिलेभर के सभी प्रमुख मंदिरों में घंटे और घडियाल गूंज उठे। मंदिर खुलने के साथ ही पूजा-अर्चना व शंख की ध्वनि लोगों के कानों में पड़ी। इस दिन आम दिनों की अपेक्षा मंदिरों में ज्यादा भीड़ नजर आई। इस दिन सुख समृद्धि और वैभव के लिए महालक्ष्मी और गणेशजी की पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन स्नान, ध्यान व दान करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण विधि, दान व श्राद्ध किया जाता है, ऐसा करने से अमावस्या पर पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इस बार फाल्गुन अमावस्या पर कई शुभ योग भी बने रहे, जिससे इस दिन का महत्व काफी बढ़ गया है। इस अमावस पर भी गुरूद्वारे में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पवित्र सरोवर में स्नान करने के बाद गुरू ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाकर अपनी मन्नतें मांगी।

#### अमावस्या मेले में पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध

अमावस्या मेले के अवसर पर झाड़ साहब गुरुद्वारा परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए विशेष ड्यूटी लगाई गई। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गुरुद्वारा परिसर, मुख्य मार्गों, पार्किंग स्थलों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी गई वहीं भीड़ को सुव्यवस्थित ढंग से नियंत्रित किया गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style

# मोना

## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।



## हॉलीवुड मसाला

# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेंस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा ज़हर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।




***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क़ दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज़ मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

**खबर संक्षेप**

## कुत्ते के काटने पर पड़ोसी के खिलाफ केस दर्ज

**सिरसा।** महिला को पड़ोसी के पालतू कुत्ते के काटने के मामले में पुलिस ने पड़ोसी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में ऐलनाबाद के हनुमानगढ रोड स्थित ढाणी बच्चन सिंह निवासी महिला कुलवंत कौर ने बताया कि बीते दिवस वह काम करके अपने घर की जा रही थी। उसने जब अपने पड़ोसी बलविंद्र को आवाज लगाई तो उसके अपने गेट का दरवाजा खोला। उसके घर में पाला हुआ कुत्ता गेट खोलते ही बाहर आया और उसके पांव पर काट लिया। कुत्ते ने उसे नीचे गिरा लिया और काटने लगा।

## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्डिनेटर डॉ. रोहतास ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। मुख्यातिथि डॉ. रोहतास ने कहा कि एनएसएस स्वयं से पहले समुदाय को स्थान देता है, यह वह मूल्यवर्धक शिक्षा है जो युवाओं को देश के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

## सिरसा-कोटा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर सिरसा-कोटा-सिरसा एक्सप्रेस के ठहराव को पुनः बहाल करने तथा फिरोजपुर-मुंबई जनता एक्सप्रेस का संचालन दोबारा शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले सिरसा-कोटा एक्सप्रेस के ठहराव से आसपास के 20-25 गांवों के यात्रियों, विद्यार्थियों और मरीजों को बड़ी सुविधा मिलती थी, लेकिन ठहराव बंद होने से लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

## श्रमिक बच्चों की शादी पर सहायता के लिए करें आवेदन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में श्रमिकों के बच्चों की शादी के अवसर पर आर्थिक सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पंजीकृत कामगारों के दो लडक़ों की शादी तक 21 हजार रुपए तथा तीन बेटियों की शादी तक 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

## दहेज प्रताड़ना व मारपीट के मामले में पति काबू

**फतेहाबाद।** दहेज प्रताडऩा एवं मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया कि उसकी शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व अश्विनी निवासी बसाना, जिला रोहतक के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि विवाह के उपरांत उसका पति दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करता था, शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था तथा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था।

## लडाई-झगडे के मामले में आठवां आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** ट्रक यूनियन भाईचारा टोहाना में हुए जानलेवा हमले और वर्चस्व की लड़ाई के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने वांछित आठवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने अमित कुमार पुत्र लोकनाथ की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 30 जनवरी को पूर्व प्रधान और उसके साथियों ने हथियारों से लैस होकर ट्रक यूनियन कार्यालय पर हमला किया था। आरोपियों ने न केवल यूनियन कार्यालय में मुंशी और ड्राइवरों के साथ मारपीट की।

*सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले कानूनी परिणामों की जानकारी दी*

### इंस्टाग्राम पर अपराध को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति पर पुलिस की कार्रवाई

# सीआईए ने 'गोलूजाट97' आईडी से जुड़े 11 लोगों को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि अपराधियों द्वारा फॉलोवर्स बढ़ाकर अपराध को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में विशेष कार्रवाई अमल में लाई गई। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान इंस्टाग्राम आईडी गोलूजाट97 के माध्यम से आपत्तिजनक एवं अपराध को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीआईए फतेहाबाद द्वारा इस आईडी से जुड़े कुल 11 लोगों को सीआईए कार्यालय में तलब किया गया। कार्रवाई के दौरान उपस्थित सभी व्यक्तियों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले कानूनी परिणामों एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।



**फतेहाबाद।** सीआईए द्वारा तलब किए गए सोशल मीडिया फॉलोअर्स।

**इंस्टाग्राम आईडी को डिलीट करवाया**

उनके समक्ष ही संबंधित इंस्टाग्राम आईडी को मोबाइल फोन से डिलीट करवाया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त न होने की सख्त चेतावनी दी गई। इस दौरान सभी व्यक्तियों के बयान विधिवत दर्ज किए गए और उनकी संबंधित सोशल मीडिया आईडी की जानकारी भी पुलिस द्वारा हासिल की गई। बताया गया कि उक्त सभी 11 लोग गांव कन्हड़ी के रहने वाले हैं। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने उन्हें स्पष्ट रूप से समझाया कि सोशल मीडिया पर अपराध, हथियारों या असामाजिक तत्वों का महिमामंडन करना, ऐसे कंटेंट को फॉलो या शेयर करना भी अप्रत्यक्ष रूप से अपराध को बढ़ावा देना माना जा सकता है, जो कानूनन दंडनीय है। इसके अतिरिक्त, हाजिर व्यक्तियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने गांव तथा आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करें और उन्हें ऐसे अकाउंट्स से दूर रहने के लिए प्रेरित करें जो अपराध या असामाजिक गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करते हों।

### पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने डीसी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

# भारत-अमेरिका कृषि डील के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार, पुतले फूंककर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत और अमेरिका के बीच होने वाली प्रस्तावित कृषि डील के विरोध में आज पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, हरियाणा ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया। समिति के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने लघु सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार व अमेरिकी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला फूंककर अपना रोष प्रकट किया। किसानों को संबोधित करते हुए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने इस डील को भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताया। अपने संबोधन में उन्होंने डील के विरोध में तीखे तर्क देते हुए कहा कि यह डील भारतीय किसानों के डेथ वारंट पर हस्ताक्षर करने जैसी है।



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के बाहर पुतला फूंकते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

**देश के अन्नदाता को सुरक्षा प्रदान करने की मांग**

केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में आकर भारतीय बाजारों को विदेशी उत्पादों के लिए खोल रही है। यदि अमेरिकी डेयरी उत्पाद और अनाज कम कीमतों पर भारत में डंप किए गए, तो हमारे स्थानीय किसानों की कमर टूट जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को समझना चाहिए कि खेती केवल व्यापार नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की जीविका है। हम अपनी जमीन और बाजार को कॉर्पोरेट घरानों और विदेशी शक्तियों के हवाले कतई नहीं होने देंगे। इस डील का सीधा असर एमएसपी और हमारी आत्मनिर्भरता पर पड़ेगा। किसानों ने मांग की कि सरकार विदेशी ताकतों के हितों को साधने के बजाय देश के अन्नदाता को सुरक्षा प्रदान करे। इस अवसर पर मलकीत उप्पल, सुरजीत उप्पल, भूपेन्द्र रंधावा, रविन्द्र हिजरावां, सुक्खा पंडाल, गुरलाल रतिया सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



**सिरसा।** लघुसचिवालय में पुतले फूंकते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

**ट्रेड डील के विरोध में फूंके पुतले**

**सिरसा।** किसान मजदूर संघर्ष मोचा के आह्वान पर मंगलवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में सिरसा के लघुसचिवालय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला फूंकर रोष जाहिर किया। इस मौके पर बीकेई के महासचिव अंग्रेज सिंह कोटली ने कहा कि भाजपा सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे सरेंडर करते हुए उसके साथ जो ट्रेड डील की है, उससे भारत के किसान, पशुपालकों, मछली पालकों सहित कृषि के सहायक धंधे बर्बाद हो जाएंगे, जो कॉरपोरेट्स तीन काले कानूनों के माध्यम से भारत की मंडियों पर कब्जा करना चाहते थे, अब उनके रास्ते आसान हो जाएंगे। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार समझौता गुप्त रूप से बातचीत करके किया गया और इसकी शर्तों का खुलासा नहीं किया गया।



**सिरसा।** हैफेड जिला प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हैफेड कर्मचारी।

# गलत नीतियों से संस्था को हो रहा करोड़ों का नुकसान

**कर्मचारियों के हितों की अनदेखी जारी रही तो 19 फरवरी को शांतिपूर्ण हड़ताल निश्चित :**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हैफेड एम्प्लॉइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष अजीत नरवाल के नेतृत्व में मंगलवार को कर्मचारियों ने जिला प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। अजीत नरवाल ने कहा कि प्रबंधन की गलत नीतियां और संदिग्ध फैसले फेडरेशन की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रहे हैं, जिसका सीधा असर कर्मचारियों और संस्था-दोनों के भविष्य पर पड़ रहा है। अजीत नरवाल ने कहा कि हैफेड को हुए नुकसान के पीछे कई ठोस उदाहरण सामने हैं बासमती निर्यात में घाटे वाले निर्णय, खरीद नीतियों में अव्यवस्थाए निजी एजेंसियों को महंगे दरों पर कार्य आवंटन, बकाया राशियों की समय पर वसूली न होना तथा अनियोजित प्रशासनिक फैसले। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों ने संस्था को करोड़ों रुपए का सीधा आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने मांग की कि ऐसे सभी आर्थिक फैसलों की किसी स्वतंत्र एवं निषक्ष एजेंसी से उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएए ताकि वास्मृविक स्थिति सामने आ सके और जिम्मेदारी तय हो सके। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है बल्कि फेडरेशन को सीधे तौर पर आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूनियन संवाद और समाधान के पक्ष में है, लेकिन यदि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी जारी रही तो 19 फरवरी की शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक हड़ताल निश्चित रूप से होगी। इस मौके पर हैफेड जिला सिरसा के वरिष्ठ सलाहकार रविंद्र कुमार, जिला प्रधान अजित, रवि दत्त, दीपक सिंह व अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में रहा बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया। निदेशक संदीप प्रसाद ने इस ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षको को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने बताया कि सूरज के विद्यार्थियों ने शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में बहुमुखी आयाम स्थापित कर जिले को पूरे हरियाणा में नई पहचान दिलाई है।

## जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, परिधी जैन ने 99.33, नमन गुप्ता ने 99.32, आदित्य ने 99.30, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिदम ने 99.13, खुशी ने 99.12, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, जतिन ने 99.03, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, शिखर यादव ने 99.02 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

# विश्वविद्यालय में तनाव प्रबंधन टीम वर्क विषय पर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन तनाव प्रबंधन एवं टीम वर्क विषय पर सारगर्भित सत्र हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. संजय अरोड़ा ने कहा कि कार्य को सदैव निष्ठा और विश्वास के साथ करना चाहिए, क्योंकि कार्य ही हमें आजीविका प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को अपनी दक्षता के रूप में विकसित करें और ऐसा कार्य करें जिससे संस्थान और समाज आपको याद रखें। उन्होंने टीम के रूप में कार्य करने, आपसी सहयोग बढ़ाने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. सुल्तान सिंह ने अनेक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कार्यस्थल पर संतुलन, सकारात्मक सोच और समन्वय की भावना से ही किसी भी संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। डिप्टी रजिस्ट्रार मुन्नी देवी ने कहा कि तनाव प्रबंधन केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब सभी कर्मचारी मिलकर समन्वय और अनुशासन के साथ कार्य करते हैं तो कार्यस्थल का वातावरण सकारात्मक बनता है और कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है।



**सिरसा।** सीडीएलयू में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।

**सोशल मीडिया के संयमित इस्तेमाल की सलाह दी**

सहायक कुलसचिव डॉ. ओमदा लांबा, संजय तिवारी व सिस्टम मैनेजर डॉ. सरोज मेहता ने अच्छी प्रैक्टिसेस करके तनाव को दूर करने के विषय में बताया। सहायक कुलसचिव डॉ. ओमदा लांबा ने सोशल मीडिया के संयमित इस्तेमाल की सलाह दी। सहायक कुलसचिव संजय तिवारी ने विश्वविद्यालय के सुदृढ़ परीक्षा सिस्टम की जानकारी दी। सिस्टम मैनेजर डॉ. सरोज मेहता ने विश्वविद्यालय के आईटी सिस्टम पर विस्तार व्याख्यान दिया। इस अवसर पर प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. राजकुमार, डॉ. अमित सांगवान सहित गैर शिक्षक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



## अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। सिरसा के डीएसपी आदर्शदीप सिंह ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने चार वारदातें सिरसा जिले में जबकि दो वारदातें राजस्थान के हनुमानगढ़ क्षेत्र में अंजाम देने की बात कबूल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हनुमानगढ़ निवासी रिछपाल सिंह, सुखदेव सिंह व बब्बू के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि बलबीर सिंह ने थाना शहर सिरसा में शिकायत दर्ज करवाई की उसकी मोटरसाइकिल एयर फोर्स स्टेशन सिरसा के सामने से चोरी हो गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। डीएसपी आदर्श दीप सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ व थाना शहर सिरसा की विशेष टीमों का गठन कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

### लंबित मामलों तथा महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा की

# एसपी ने महिला थाना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने मंगलवार को महिला थाना फतेहाबाद का औचक निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण, लंबित मामलों तथा महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, आगंतुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, परामर्श कक्ष एवं शिकायत कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने में आने वाली प्रत्येक महिला शिकायतकर्ता के साथ पूर्ण संवेदनशीलता, सम्मान और गोपनीयता के साथ व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।एसपी ने लंबित प्रकरणों की फाइलों की जांच करते हुए अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों, विशेषकर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडऩ, छेड़छाड़, साइबर अपराध तथा बाल संरक्षण संबंधी प्रकरणों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।



**फतेहाबाद।** महिला थाने का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन।

**डिजिटल रिकॉर्ड को अपडेट रखने के दिए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान मालखाना, रिकॉर्ड रूम तथा सीसीटीवी प्रणाली की भी जांच की गई। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, डिजिटल रिकॉर्ड के नियमित अपडेट तथा सुरक्षा मानकों के पूर्ण पालन के निर्देश दिए। उन्होंने थाना स्टाफ से संवाद कर ड्यूटी प्रबंधन, कार्य विभाजन तथा जनसंपर्क गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिला थाना पीड़ित महिलाओं के लिए भरोसे और सुरक्षा का केंद्र है। यहां आने वाली प्रत्येक महिला को न्याय और सहयोग का भरोसा मिलना चाहिए। उन्होंने परामर्श सेवाओं को और सशक्त बनाने तथा जरूरतमंद महिलाओं को कानूनी सहायता एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराने पर बल दिया।

## खबर संक्षेप

### किसानों को मिलने वाले ट्रैक्टर का ड्रा आज

**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में अनुसूचित जाति के किसानों को वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत 67 ट्रेक्टर (45 एचपी और 45 एचपी से ऊपर) अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि जिला फतेहाबाद में कुल 1112 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से 67 लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से 18 फरवरी को बाद दोपहर 3 बजे स्थानीय डीपीआरसी हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### भाई पर हमले के मामले में महिला सहित दो काबू

**फतेहाबाद।** गांव शहीदांवाली में घरेलू विवाद को लेकर हुए झगड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे संदीप कुमार पुत्र प्रभु राम निवासी गांव शहीदावाली ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### चोरीशुदा बाइक सहित नाबालिग आरोपी काबू

**डबवाली।** पुलिस ने रिलायंस मॉल मंडी डबवाली से बाइक चोरी के नाबालिग आरोपी को चोरीशुदा बाइक सहित काबू कर नियमानुसार बाल सुधार गृह करनाल भेजा है। शहर थाना डबवाली प्रभारी निरीक्षक देवीलाल ने बताया कि सुरेंद्र पुत्र बलवीर सिंह निवासी बिज्जूवाली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रिलायंस मॉल मंडी डबवाली में काम करता है। 12 फरवरी को वह रोज की तरह मॉल में आया और अपनी बाइक बाहर खड़ी कर दी।

### 6 ग्राम 700 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को 6 ग्राम 700 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान भावदीन क्षेत्र के पास मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया।

## बिना निर्धारित पार्किंग के वाहन खड़े होने लोगों को उठानी पड़ती है परेशानी

# 'नो पार्किंग' नियम लागू, गलत पार्किंग पर चालान व क्रेन कार्रवाई की चेतावनी

■ आपातकालीन वाहनों को भी मार्ग मिलने में कठिनाई आती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

यातायात पुलिस टोहाना द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में टोहाना के मेन मार्केट क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए 'नो पार्किंग' के बोर्ड स्थापित किए गए हैं। पुलिस का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति को समाप्त करना तथा आमजन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध करवाना है।



टोहाना। मेन मार्केट में नो पार्किंग का बोर्ड लगाते यातायात पुलिस कर्मचारी।

### नियमित रखी जा रही निगरानी

थाना यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि मेन मार्केट क्षेत्र में बिना निर्धारित पार्किंग के वाहन खड़े किए जाने के कारण आमजन, दुकानदारों तथा राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कई बार आपातकालीन वाहनों जैसे एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी मार्ग मिलने में कठिनाई आती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से नो पार्किंग बोर्ड लगाए गए हैं तथा नियमित गश्त कर निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया जाएगा। आवश्यकता पडने पर क्रेन की सहायता से गलत तरीके से खड़े वाहनों को उठाकर निर्धारित स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसका खर्च संबंधित वाहन मालिक को वहन करना होगा। यातायात पुलिस टोहाना ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## श्री गीता भवन का पंच दिवसीय वार्षिक महोत्सव का किया प्रारंभ


फतेहाबाद। गीता भवन में जलाभिषेक कर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

■ कथाएं जीवन को रूपांतरित करने के लिए सुनी जाती हैं, केवल सुनने के लिए नहीं : स्वामी दिव्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मॉडल टाऊन स्थित श्री गीता भवन फतेहाबाद का पंच दिवसीय वार्षिक महोत्सव शिव अभिषेक शिव पुराण कथा और ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शिव पुराण कथा में डॉ.स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि शिव पुराण में शिव भक्ति कोई सौदेबाजी नहीं, शिव पूजा के नाम पर व्रत-पूजा पाठ किसी लोभ या भय के कारण नहीं, अपितु यह आराधना जिज्ञासा से प्रारंभ होती है। केवल शिव से संबंधित प्रश्न ही नहीं पूछे गए, शिव तत्त्व की अनुभूति के लिए एक प्यास भी है। सदाचारी जीवन कैसे बने, हृदय में सात्विक भक्ति कैसे हो, बुद्धि विवेकी कैसे बने और मन को निर्मल निर्विकार बनाने का उपाय क्या है, यह निवेदन किया गया है। उन्होंने कहा कि आज सारी समस्याओं का कारण भी यही है कि अधिकांश बुद्धि अविवेकी है, आसुरी स्वभाव है। केवल कुछ टोटके सुन लेना या मनोरंजन हो जाना ही काफी नहीं है। इस अवसर पर राजीव बतरा प्रधान एमएम कॉलेज, राजीव चौधरी, नरेंद्र बेनीवाल, संजय बतरा, गुलशन मिढ़ा आदि मौजूद रहे।

## 'श्री गुरु तेग बहादुर जी: हिंद दी चादर-शिक्षा, नैतिकता एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा' विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अहरवां में 'श्री गुरु तेग बहादुर जी : हिंद दी चादर-शिक्षा, नैतिकता एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार पंजाबी साहित्य सभा के संरक्षण में आयोजित हुआ। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बीरबल सिंह, प्रोफेसर, पंजाबी विभाग, केटी कॉलेज, रतिया तथा डॉ. नैब सिंह मंडेर, चेयरमैन, लोक चेतना मंच, हरियाणा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचारों में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग, बलिदान एवं मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा और नैतिकता के क्षेत्र में उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वीर सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता पंजाबी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रतिया ने विद्यार्थियों को गुरु साहिब के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी ने की।


फतेहाबाद। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते महाविद्यालय के चेयरपर्सन शरणजीत कौर। फोटो : हरिभूमि

## 15 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक परसेंटाइल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया

# जेईई मेन्स 2026 में पायनियर कॉन्वेंट स्कूल का परचम 10 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल ने जेईई मेन्स 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा विद्यालय के सुदृढ़ सहयोग तंत्र के बल पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष देव वधवा ने 99.88, मयंक जांगड़ा ने 99.04, प्रिक्षित ने 98.44, इशिका ने 98.41, मिलन लाम्बा ने 97.64, यश ने 97.23, पूर्वा ने 97.10, रुद्र ने 95.67, सुक्रांत ने 95.22 तथा रेहान ने 95.00 परसेंटाइल प्राप्त किए। कुल 10 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए हैं, जबकि कुल 15 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि ये सभी विद्यार्थी विद्यालय की नियमित कक्षा शिक्षण प्रणाली का ही हिस्सा हैं। विद्यालय में जेईई एवं नीट की तैयारी एक सुनियोजित, परिणाम आधारित शैक्षणिक प्रणाली के अंतर्गत करवाई जाती है, जिसमें कॉन्सेप्ट की स्पष्टता, नियमित टेस्ट सीरीज़, डाउट सेशन, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, सतत प्रदर्शन तथा विश्लेषण शामिल है।


फतेहाबाद। जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले पॉयनियर के विद्याथी।

### छात्रों को दी बधाई

लगातार तीसरे वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी जेईई मेन्स, जेईई एडवांस तथा नीट में सफलता प्राप्त कर देश के अग्रणी संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, एनआईटी एवं अन्य शीर्ष विश्वविद्यालयों में चयनित हो रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार बल्कि समस्त अभिभावकों एवं फतेहाबाद जिले के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विजय निर्मोही, शीलू निर्मोही एवं निशांत निर्मोही ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम बताया।

### किसान का बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव हंजीरा के एक साधारण किसान के बेटे सुदेश कुमार ने असिस्टेंट प्रोफेसर का पद हासिल किया है। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित रिजल्ट में उनका सेलेक्शन इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में हुआ है। सुदेश कुमार इससे पहले हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। एक साधारण किसान के बेटे का सहायक प्रोफेसर के पद पर सेलेक्शन होने से गांव में खुशी का माहौल है और उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सुदेश के बड़े भाई सुधीर कुमार ने बताया कि सुदेश ने गांव के सरकारी स्कूल से 10वीं और चोपटा से 12वीं की परीक्षा पास की। इसके बाद उन्होंने सिरसा के नेशनल कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। साल 2019, में सुदेश का सेलेक्शन हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल के पद पर हो गया था। नौकरी के साथ-साथ उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने इतिहास विषय में एमए करने के बाद यूजीसी नेट की परीक्षा भी पास की। सुदेश कुमार फिलहाल फतेहाबाद पुलिस थाने में कार्यरत हैं। सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों भाई एक साधारण परिवार से हैं। कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।



## पर्यावरण संरक्षण का संदेश, नागरिक अधिकार मंच ने पौधे लगाकर मनाया सुभाष चौहान का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के अभियान में जुटे पर्यावरण प्रेमियों के लिए हर खास अवसर प्रकृति की सेवा का माध्यम बन जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नागरिक अधिकार मंच के वरिष्ठ सदस्य और कर्मचारी नेता सुभाष चौहान ने अपने 63वें जन्मदिवस के अवसर पर जगजीवन पुरा पार्क में पौधारोपण कर एक नई मिसाल पेश की। शहरवासियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सुभाष चौहान ने मंच के सदस्यों के साथ मिलकर पार्क में विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि उनकी लगातार देखभाल करने का संकल्प भी लिया ताकि यह प्रयास एक स्थायी और यादगार स्मृति बन सके। इस खास मौके पर नागरिक अधिकार मंच की पूरी टीम और शहर के प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से पार्षद मोहन लाल नारंग, राजीव सेतिया, महेंद्र कुमार धारनिया एडवोकेट, रणधीर सिंह डबास, दलेश खीचड़, सुखदेव सिंह पार्षद आदि रहे।


फतेहाबाद। मंच सदस्यों के साथ पार्क में जन्मदिन पर पौधारोपण करते कर्मचारी नेता सुभाष चौहान।

## कार में नहीं था कोई सवार, जांच में जुटी पुलिस

# चौबारा में सड़क किनारे बने तालाब में गिरी मिली कार

**भूना।** क्षेत्र के गांव चौबारा में एक कार सड़क किनारे बने जोहड़ में गिर गई। सूचना मिलते ही भूना फायर स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कार को तालाब से बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह कार हिसार जिले के गांव मुकलान की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, जिस समय कार मिली, तब उसमें कोई सवार नहीं था। बताया जा रहा है कि ड्राइवर सनरूफ खोलकर पहले ही बाहर निकल चुका था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक ड्राइवर ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसी बीच सूचना मिलते ही फायर कर्मचारियों की टीम सतबीर, सुभाष, सागर और सुनील के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पानी से भरे तालाब के बीच टीम ने जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू अभियान चलाया। तालाब में कोई नहीं मिला। इसके बाद कार को रस्सी के सहारे बांधकर तालाब में ही छोड़ दिया गया।

## गुरुद्वारा के गुल्लक चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार


गुरुद्वारा में दान पात्र चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

गुल्लक में 20 हजार रुपए नकदी थी, पुलिस जांच में जुटि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव पंजुआना में रात्रि के समय अज्ञात युवकों द्वारा गुरुद्वारा में घुसकर गुल्लक चोरी करने के मामले में बडागुढ़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि गुरूद्वारा सिंह सभा पंजुआना के प्रधान नरपाल सिंह ने बताया कि रोजमर्रा के अनुसार ग्रंथी हिम्मत सिंह पाठ कर देर शाम गुरुद्वारा साहिब के मुख्य गेट को ताला लगाकर घर चले गए थे।

रात्रि करीब 1.45 बजे अज्ञात युवकों ने गुरुद्वारा साहिब की खिड़की पर लगी जाली तोड़कर अंदर दाखिल हुए और वहां रखा दान पात्र उठा ले गए, दान पात्र में करीब 20 हजार रुपए नकदी थी। शिकायत के आधार पर बड़ागुढा थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल पुत्र संतलाल व देवेंद्र उर्फ विशाल पुत्र चंद्रभान निवासी पंजुआना, जिला सिरसा को बस स्टैंड पंजुआना से गिरफ्तार कर लिया है।

## गुम हुए लाखों रुपये के 18 मोबाइल फोन बरामद

**डबवाली।** साइबर सेल डबवाली टीम ने विभिन्न स्थानों से खोए हुए लाखों रुपए कीमत के 18 मोबाइल फोन बरामद किए है। बरामद मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर आईपीएस द्वारा उनके मालिकों को सौंपे गए। पुलिस अधीक्षक डबवाली ने बताया कि अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन गुम/खोने की 18 शिकायतें बीते जनवरी माह में दर्ज करवाई गई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल टीम ने तकनीकी विश्लेषण, ट्रैकिंग एवं विभिन्न नेटवर्क माध्यमों की सहायता से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की। लगातार प्रयासों के बाद मोबाइल फोन बरामद किए गए तथा आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के उपरांत उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। मोबाइल फोन मालिकों में मनी कौर, राहुल बंसल, सोनू, रजनीश, धर्मप्रीत, अनीश, विशाल, कमलजीत, जसवीर, बेअंत कौर, गुरप्रीत सिंह, चन्दू, चीना, अमृतपाल सिंह, विष्णु, गुरमेल सिंह, संदीप और डिम्पल ने अपने अपने मोबाइल प्राप्त किए।

## फतेहाबाद से श्री खाटू श्याम के लिए भव्य पैदल निशान यात्रा जारी, प्रतिदिन 35 किलोमीटर चल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री श्याम प्रचार समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम धाम, राजस्थान के लिए भव्य पैदल निशान यात्रा का शुभारंभ 14 फरवरी को श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह यात्रा 24 फरवरी को श्री खाटू श्याम धाम पहुंचेगी। मंगलवार को भी श्याम भक्तों ने अपनी पैदल यात्री जारी रखी। समिति के प्रधान बालमुकुंद गर्ग ने बताया कि इस बार यात्रा में बाबा खाटू श्याम जी के कुल 30 निशान शामिल हैं। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ पैदल यात्रा करते हुए बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए रवाना हुए। यात्रा में बाबा खाटू श्याम जी का सुसज्जित रथ भी साथ चल रहा है, जिसमें बाबा विराजमान हैं। रथ की सेवा में पुजारी दिनेश शर्मा मौजूद हैं। यात्रा में प्रोजेक्ट चेयरमैन शुभम गर्ग, राजन सिंगला बोहा, कृष्ण गर्ग, योगेश शर्मा चेन्नई, राम बंसल, सुमित, पंकज तनेजा, राजन शर्मा, दिनेश (दिल्ली), सतीश खटक, तरुण गोयल, पंकज गोयल, संदीप ढाणी इस्सर, गौरव गोयल सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं।


फतेहाबाद। पैदल निशान यात्रा में भाग लेते श्याम भक्त। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर दिखा उत्साह

सेवा कार्य में दीपक गर्ग, विजय सिहाग, विनोद यादव सहित अन्य सेवादार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बाबा खाटू श्याम के जयकारों के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। समिति सदस्यों ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## डॉ. सिवाच ने जांडवाला बागड़ गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

गो-भक्तों के जज्बे को किया नमन

# गो सेवा केवल सामाजिक कार्य नहीं बल्कि ईश्वरीय वंदना है : डॉ. वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

समाजसेवी एवं प्रख्यात सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने आज गांव जांडवाला बागड़ स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिवाच ने ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे गौ सेवा के कार्यों का अवलोकन किया और लावारिस गोवंश के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. सिवाच ने कहा कि ग्रामीण जिस निस्वार्थ भाव से बेजुबान पशुओं की सेवा कर रहे हैं, वह किसी तपस्या से कम नहीं है। गौवंश हमारी संस्कृति में पूजनीय है और इनकी सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है।


फतेहाबाद। गौशाला में डॉ. विरेन्द्र सिवाच को सम्मानित करते ग्रामीण।

### गोवंश की बेहतरी के लिए करेंगे प्रयास

डॉ. सिवाच ने इस बात पर जोर दिया कि गोशालाओं को केवल सरकारी सहायता पर निर्भर न रहकर एक जन आंदोलन के रूप में विकसित करना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर गोवंश की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। गोशाला प्रबंधन और ग्रामवासियों ने डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच का स्वागत किया। गोशाला प्रधान व सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. सिवाच की उपस्थिति ने उनके सेवा संकल्प को नई ऊर्जा दी है। इस अवसर पर गोशाला के प्रधान बंशीलाल भिगासरा, गोविंद पंचायत समिति सदस्य, बलबीर सिंह सिहाग, सुरेंद्र कुमार सरपंच, महा सिंह बिघासरा, निहाल सिंह, मास्टर रणधीर फौजी, राकेश सरपंच, वीर सिंह सिहाग, कृष्ण कुमार भादू, हरपाल नंबरदार, देश खान, कृष्ण मास्टर, राजेश भादू, रिछपाल भादू, सतबीर भादू, धर्मवीर और राजवीर सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसआईआर कार्य में सहयोग करें

**सिरसा।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाता सूची के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के मध्यनजर जिला में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मैपिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत बीएलओ द्वारा मतदाताओं से वर्ष 2002 (एसआईआर) के डाटा से को लेकर मतदाता संबंधी जानकारी मांगी जा रही है ताकि बीएलओ एप पर उनकी मैपिंग की जा सके। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारीने बताया कि 42-कालांवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 87.10 प्रतिशत, 43-डबवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 78.63 प्रतिशत, 44-रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 87.66 प्रतिशत, 45-सिरसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 55.69 प्रतिशत तथा 46-ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 90.60 प्रतिशत मैपिंग हो चुकी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916